# मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल
# Maulana Azad National Institute of Technology Bhopal
## वास्तुकला एवं नियोजन विभाग
## (Department of Architecture and Planning)

दिनांक: 18 सितम्बर, 2026

### अनुसंधान पदों हेतु विज्ञापन (वॉक-इन-इंटरव्यू / ऑनलाइन साक्षात्कार)

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (ICSSR), नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत योग्य, ऊर्जावान एवं प्रेरित भारतीय नागरिकों से निम्नलिखित पदों हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

**परियोजना का विवरण:**

- **शीर्षक:** "नदी-संवेदनशील शहरी स्वच्छता: नर्मदा नदी के स्वास्थ्य एवं उससे सटे शहरी बस्तियों के मध्य विषयगत संबंध का दीर्घकालिक अध्ययन"
- **प्रायोजक एजेंसी:** भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (ICSSR), नई दिल्ली
- **विभाग एवं संस्थान:** वास्तुकला एवं नियोजन विभाग, मैनिट (MANIT) भोपाल

पद एवं योग्यता विवरण (Positions & Eligibility)

1. अनुसंधान सहयोगी (Research Associate)
   - **पदों की संख्या:** 01
   - **मुख्य जिम्मेदारियाँ:** कार्यप्रणाली डिज़ाइन का पर्यवेक्षण, फील्ड टीमों का प्रबंधन, डेटा विश्लेषण का समन्वय एवं शोध प्रकाशनों का मसौदा तैयार करना।
   - **अवधि:** प्रारंभिक रूप से 12 माह (कार्य निष्पादन एवं बजट की उपलब्धता के आधार पर परियोजना की समाप्ति तक विस्तारणीय)।
   - **मानदेय/फेलोशिप:** ₹47,000/- प्रति माह (समेकित)
   - **अनिवार्य योग्यता:**
     - सामाजिक विज्ञान (या संबंधित विषयों) में न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर (Post Graduation)।

    - साथ ही NET / M.Phil. / Ph.D. होना अनिवार्य है।
    - किसी शोध परियोजना में 'रिसर्च असिस्टेंट' के रूप में न्यूनतम 2 वर्ष का प्रामाणिक शोध अनुभव।
    - शोध प्रतिवेदन (Report) लेखन, डेटा विश्लेषण एवं अकादमिक संप्रेषण (Academic Communication) में उत्कृष्टता। MS Office, SPSS, AutoCAD, और GIS का कार्यकारी ज्ञान रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी।

**2. अनुसंधान सहायक (Research Assistant)**

- **पदों की संख्या:** 02
- **मुख्य जिम्मेदारियाँ:** डेटा प्रबंधन, ट्रांसक्रिप्शन, GIS आधारित स्थानिक विश्लेषण (Spatial Analysis) एवं गुणात्मक साक्षात्कारों का कोडिंग कार्य।
- **अवधि:** प्रारंभिक रूप से 12 माह (संतोषजनक कार्य के आधार पर विस्तारणीय)।
- **मानदेय/फेलोशिप:** ₹37,000/- प्रति माह (समेकित)
- **अनिवार्य योग्यता:**
    - सामाजिक विज्ञान (या संबंधित विषयों) में न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर (Post Graduation)।अथवा NET / M.Phil. / Ph.D. होना अनिवार्य है।
    - गुणात्मक एवं मात्रात्मक अनुसंधान विधियों की समझ। MS Office, SPSS, AutoCAD, और GIS सॉफ्टवेयर का व्यावहारिक ज्ञान अतिरिक्त योग्यता माना जाएगा।

**3. फील्ड इन्वेस्टिगेटर (Field Investigator)**

- **पदों की संख्या:** 02 (अथवा आवश्यकतानुसार)
    - **मुख्य जिम्मेदारियाँ:** प्राथमिक डेटा संग्रह हेतु क्षेत्र भ्रमण (Field Visit) करना, लक्षित समूहों और हितधारकों के साथ गुणात्मक साक्षात्कार (Interviews) एवं फोकस ग्रुप डिस्कशन (FGD) आयोजित करना एवं दैनिक आधार पर फील्ड नोट्स तैयार करना और डेटा प्रविष्टि (Data Entry) सुनिश्चित करना।
- **अवधि:** 12 माह (परियोजना की आवश्यकतानुसार परिवर्तनशील)।
- **मानदेय/फेलोशिप:** ₹20,000/- प्रति माह (समेकित)

**अनिवार्य योग्यता:**

- स्नातक में न्यूनतम 50% या स्नातकोत्तर (Post Graduation)।
- स्थानीय भाषा में प्रवाह और उत्कृष्ट संचार कौशल (Communication Skills)।
- दूरदराज के क्षेत्रों में यात्रा (Field Movement) करने की इच्छा एवं क्षमता।

4. इंटर्न (Intern)

- **पदों की संख्या:** 05
- **मुख्य जिम्मेदारियाँ:** साहित्य समीक्षा (Literature Review) और द्वितीयक डेटा (Secondary Data) एकत्र करने में सहायता करना, रिपोर्ट लेखन, डेटा क्लीनिंग और प्रस्तुतीकरण (Presentation) में शोध टीम का सहयोग करना, परियोजना से संबंधित प्रशासनिक एवं दस्तावेज तैयार करना।
- **अवधि:** 12 माह।
- **मानदेय/फेलोशिप:** ₹5 ,000/- प्रति माह (समेकित / स्टाइपेंड)

**अनिवार्य योग्यता:**

- स्नातक में संबंधित विषयों में अध्ययनरत या हाल ही में पूर्ण स्नातक या स्नातकोत्तर (PG Student) ।
- शोध और अकादमिक लेखन में गहरी रुचि।
- MS Office (Excel, Word, PowerPoint) का बुनियादी ज्ञान।

**आवेदन प्रक्रिया (Application Procedure)**

इच्छुक और पात्र अभ्यर्थी अपने दस्तावेज़ों को एकल PDF फ़ाइल (Single PDF File) में संयोजित करके प्रधान अन्वेषक (Principal Investigator) को ईमेल द्वारा प्रेषित करें।

- आवेदन करने के लिए लिंक : https://forms.gle/ptftE1RDV4NrSsdQ7
- ईमेल का विषय (Subject Line): Application for [पद का नाम जिसके लिए आवेदन कर रहे हैं] – ICSSR Project

**संलग्न किए जाने वाले आवश्यक दस्तावेज़ (क्रमशः):**

1. **अद्यतन बायोडाटा (Detailed CV):** वर्तमान संपर्क विवरण, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी और शैक्षणिक योग्यताओं के विवरण के साथ।
2. **शैक्षणिक प्रमाण पत्र:** सभी प्रासंगिक डिग्री प्रमाण पत्रों और अंकसूचियों (Mark sheets) की स्कैन प्रतियां।
3. **उद्देश्य कथन (Statement of Purpose - SOP):** अधिकतम 500 शब्दों में, जो यह स्पष्ट करे कि आप इस पद के लिए सबसे उपयुक्त उम्मीदवार क्यों हैं।
4. **अनुभव एवं प्रकाशन:** पूर्व कार्य अनुभव प्रमाण पत्र और (यदि लागू हो तो) शोध प्रकाशनों की प्रतियां।

**महत्वपूर्ण तिथियाँ:**

- **आवेदन की अंतिम तिथि:** 24 **सितम्बर,** 2026 (**शाम** 5:00 **बजे तक**)
- **साक्षात्कार की सूचना:** केवल शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को साक्षात्कार (ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यम) की तिथि और समय की जानकारी ईमेल द्वारा दी जाएगी।

**सामान्य नियम एवं शर्तें (General Terms & Conditions)**

- ये सभी पद पूर्णतः अस्थायी (Purely Temporary) और अनुबंध के आधार पर हैं। इस नियुक्ति के आधार पर मैनिट (MANIT) भोपाल में स्थायी रोजगार का कोई दावा स्वीकार्य नहीं होगा।
- साक्षात्कार (Interview) में शामिल होने के लिए उम्मीदवारों को कोई यात्रा भत्ता (TA) या दैनिक भत्ता (DA) प्रदान नहीं किया जाएगा।
- संस्थान के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी समय इस विज्ञापन या चयन प्रक्रिया को संशोधित/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

**संपर्क एवं प्रधान अन्वेषक (*PI)* विवरण:**

**डॉ. कृष्ण कुमार धोटे**
प्रोफेसर, वास्तुकला एवं नियोजन विभाग
मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (MANIT), भोपाल
आवेदन करने के लिए लिंक : https://forms.gle/ptftE1RDV4NrSsdQ7